


# प्लैनेट न्यूज़ इंडिया
हर खबर सच के साथ

अलीगढ़, शनिवार,02,अगस्त 2025 Follow us on:/ planetnewsindia@gmail.com


## PM Modi Varanasi Visit

### वाराणसी दौरे से पहले पीएम-सीएम का ट्वीट, काशीवासियों पर करेंगे सौगातों की बारिश



काशी दौरे को लेकर पीएम की उत्सुकता दिखने लगी है। पीएम मोदी व सीएम योगी ने वाराणसी आने से पहले ट्वीट कर जानकारी दी है। सीएम योगी ने ट्वीट कर प्रदेशवासियों की ओर से पीएम का काशी में स्वागत व अभिनंदन किया है।काशी दौरे को लेकर पीएम-सीएम की उत्सुकता सोशल मीडिया के जरिए दिख रही है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी व सीएम योगी ने वाराणसी पहुंचने से पहले ट्वीट (एक्स) किया है। पीएम काशी तमिल संगमम कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। इसके साथ ही कई कार्यक्रमों में वे हिस्सा लेंगे। उधर, सीएम योगी ने ट्वीट कर प्रदेशवासियों की ओर से पीएम का काशी में स्वागत व अभिनंदन किया है। ट्विटर पर पीएम मोदी ने लिखा है ' कल शाम से मैं काशी के अपने बहनों और भाइयों के बीच रहूंगा । विकसित भारत संकल्प यात्रा में हिस्सा लूंगा और बाद में काशी तमिल संगमम कार्यक्रम का उद्घाटन करूंगा, जो एक ऐतिहासिक मंच है। जो हमारी अनूठी सांस्कृतिक परंपराओं और विविधता का जश्न मनाता है।' मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लिखा है 'नए भारत के शिल्पकार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का उनकी काशी में 25 करोड़ प्रदेशवासियों की ओर से हार्दिक स्वागत और अभिनंदन!

## व्हाइट हाउस ने ट्रंप टैरिफ की नई सूची जारी की,

### इसमें भारत भी शामिल; लागू करने की तारीख भी टाली



ट्रंप ने कहा कि अमेरिका का भारत के साथ भारी व्यापार घाटा है। उन्होंने कहा 'भारत हमारा मित्र है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में हमने उनके साथ अपेक्षाकृत कम व्यापार किया है क्योंकि उनके टैरिफ बहुत ज्यादा हैं, दुनिया में सबसे ज़्यादा हैं।'अमेरिका ने भारत समेत कई अन्य देशों पर लगने वाला टैरिफ एक हफ्ते के लिए टाल दिया है। पहले ये टैरिफ 1 अगस्त से लागू होना था, लेकिन अब यह 7 अगस्त से लागू होगा। गुरुवार को व्हाइट हाउस ने उन देशों की सूची जारी की, जिन पर अमेरिकी सरकार ने टैरिफ लगाया है या फिर संशोधित किया है। 'पारस्परिक टैरिफ दरों में और संशोधन' शीर्षक वाले एक कार्यकारी आदेश में, राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दुनिया भर के लगभग 70 देशों के लिए टैरिफ दरों की घोषणा की।भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाया गया है। कार्यकारी आदेश में ट्रंप ने कहा कि अमेरिका के साथ व्यापार और सुरक्षा समझौते करने के लिए कुछ व्यापारिक साझेदार देश सहमत हो गए हैं और कुछ सहमत होने के कगार पर हैं। यह व्यापार बाधाओं को स्थायी रूप से दूर करने और आर्थिक एवं राष्ट्रीय

## अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो 2025



ऐसे अत्याधुनिक हथियार, सुरक्षा प्रणाली का चेहरा बदल सकती हैं नई तकनीक भारत मंडपम में 10वें अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो 2025 चल रहा है। जहां डावेल लाइफसाइंस प्राइवेट लिमिटेड ने ऐसी तकनीकों का सजीव प्रदर्शन किया, जो देश की सुरक्षा प्रणाली का चेहरा बदल सकती हैं।आज का भारत केवल सीमाओं पर नहीं, सड़कों, विद्यालयों, खेतों और न्यायालयों में भी सुरक्षा के लिए सजग है। इसकी झलक भारत मंडपम में आयोजित 10वें अंतरराष्ट्रीय पुलिस एक्सपो 2025 में दिखाई दी। इस अवसर पर डावेल लाइफसाइंस प्राइवेट लिमिटेड ने ऐसी तकनीकों का सजीव प्रदर्शन किया, जो आने वाले समय में देश की सुरक्षा प्रणाली का चेहरा बदल सकती हैं।इस आयोजन की सबसे बड़ी खासियत रही, देश की पहली 8के फिंगरप्रिंट है बलेट बिना किसी पाउडर या रसायन के यह यंत्र वारदात स्थलों से अदृश्य उंगलियों के निशान पकड़ने में सक्षम है। ये इतने सूक्ष्म और स्पष्ट चित्रों को प्रदर्शित कर सकते हैं, जो पहले कभी नहीं देखे गए थे। इसका प्रयोग अदालतों में साक्ष्य के रूप में भी किया जा सकेगा, जिससे न्याय मिलने की गति तेज होगी। अत्याधुनिक सुरक्षा समाधान देखकर दर्शकों की आंखों में उम्मीद की चमक और दिलों में विश्वास की लहर दौड़ गई।

## Oil: 'भारतीय तेल कंपनियों

### द्वारा रूस से तेल खरीदना बंद करने की कोई खबर नहीं', ट्रंप के बयान के बीच बड़ा अपडेट



जिस दौरान भारत ने रूस से तेल खरीदा, उसी समय यूरोपीय संघ रूस की तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का सबसे बड़ा आयातक था, जिसने रूस के एलएनजी निर्यात का 51% हिस्सा खरीदा। उसके बाद चीन 21% और जापान 18% के साथ तीसरे स्थान पर रहा।अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया था कि भारत ने रूस से तेल आयात बंद करने का फैसला किया है। हालांकि अब खबर आई है कि भारत, रूस के सप्लायर्स से तेल खरीदना जारी रखेगा। सूत्रों ने बताया कि भारत द्वारा रूस से तेल खरीदने का फैसला कीमत, कच्चे तेल की गुणवत्ता, लॉजिस्टिक और आर्थिक कारणों पर आधारित है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बीती 30 जुलाई को भारत पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का एलान किया था। यह टैरिफ 1 अगस्त से लागू होना था, लेकिन फिर ट्रंप ने इसे 7 अगस्त तक टाल दिया। टैरिफ का एलान करते हुए ट्रंप सरकार ने कहा कि भारत द्वारा रूस से कच्चा तेल खरीदा जा रहा है, जिससे रूस को बड़ी आर्थिक मदद मिल रही है और उसके चलते रूस, यूक्रेन पर हमले जारी रखे हुए है। अमेरिका ने भारत से रूस से तेल न खरीदने को कहा था। ट्रंप ने शनिवार को दावा किया कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा। ट्रंप ने बयान में कहा, 'मेरी समझ है कि भारत अब रूस से तेल नहीं खरीदेगा। ऐसा मैंने सुना है, पता नहीं यह सही है या नहीं। लेकिन यह एक अच्छा कदम है। अब देखना होगा कि आगे क्या होता है।'

## Maharashtra

### मालेगांव धमाका मामले में कांग्रेस से भाजपा नेता के तीखे सवाल; 13 साल से फरार हत्यारोपी गिरफ्तार




पूर्व एटीएस अधिकारी महबूब मुजावर के हमें आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को गिरफ्तार करने के लिए कहा गया था वाले दावे पर भाजपा नेता राम कदम ने कहा कि कांग्रेस सरकार के तहत एक कर्मचारी कह रहा है कि कांग्रेस सरकार ने उस पर बम विस्फोट मामले में आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत को फंसाने के लिए दबाव डाला था। क्या कारण हो सकता है? आरएसएस प्रमुख ने अपना पूरा जीवन देश, हिंदू धर्म और हिंदुओं के संगठन के कल्याण के लिए त्याग और समर्पित किया है। इसके पीछे एकमात्र कारण यह था कि कांग्रेस दुनिया में सनातन धर्म और हिंदुओं की छवि को धूमिल करना चाहती थी। नवी मुंबई पुलिस ने एक 36 वर्षीय आरोपी को गिरफ्तार किया है। वह कर्ज न चुका पाने के कारण एक व्यक्ति की हत्या करने के बाद 13 साल से फरार था। अधिकारी ने बताया कि एक गुप्त सूचना के आधार पर नवी मुंबई पुलिस की अपराध शाखा ने बिहार निवासी आरोपी छोटू मरकट यादव को गुरुवार को नागपुर जिले से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार छोटू यादव ने अक्टूबर 2012 में रबाले एमआईडीसी क्षेत्र में भावनाखान उगन यादव (50) की कथित तौर पर चाकू मारकर हत्या कर दी थी और तब से वह फरार था। जांच में पता चला है कि पीड़ित ने आरोपी से 25,000 रुपये उधार लिए थे और उसे चुका नहीं पाया। अधिकारी ने बताया कि इससे नाराज होकर आरोपी ने धारदार हथियार से उस पर हमला कर उसकी हत्या कर दी। महाराष्ट्र के हर गांव में मानवाधिकारों के बारे में जागरूकता बढ़ाने और उनके उल्लंघन को रोकने के लिए समिति बनाई जाएगी।

